March 2019 | Reg. No. .................................... | **FY 15**

Name ........................................

**Part - III**

**HINDI (OPTIONAL)**

Maximum : 80 Scores

Time : **2½** Hours

Cool off time : **15** Minutes

***General Instructions to Candidates :***

- There is a 'Cool off time' of 15 minutes in addition to the writing time.
- Use the 'Cool off time' to get familiar with questions and to plan your answers.
- Read the instructions carefully.
- Read the questions carefully before answering.
- Calculations, figures and graphs should be shown in the answer sheet itself.
- Give equations wherever necessary.
- Electronic devices except nonprogrammable calculators are not allowed in the Examination Hall.

**सूचना : निम्नांकित कवितांश पढ़िए और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।**

इन नए बसते इलाकों में
जहाँ रोज बन रहे है नए नए मकान
मैं अक्सर रास्ता भूल जाता हूँ
धोखा दे जाते हैं पुराने निशान
खोजता हूँ ताकता पीपल का पेड
खोजता हूँ ढ़हा हुआ घर
और ज़मीन का खाली टुकडा जहाँ से बाएँ
मुड़ना था मुझे

1. इस कविता के रचयिता कौन है? **(1)**
(रामकुमार वर्मा, सुमित्रानंदन पंत, अरुण कमल)

2. कवि क्यों रास्ता भूल जाता है? **(1)**

3. कवितांश की आस्वादन-टिप्पणी लिखिए । **(6)**

4. सही मिलान कीजिए । (4)

| अ | | ब | |
|---|---|---|---|
| क) | एकलव्य | a) | एकांकी |
| ख) | चीफ की दावत | b) | कविता |
| ग) | यहाँ रोना मना है | c) | संस्मरण |
| घ) | महात्मा गाँधी | d) | कहानी |

**सूचना : 'महात्मा गाँधी' संस्मरण का अंश पढ़िए और 5 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

गाँधीजी समय के सबसे बडे सर्वेक्षक थे । उनका मिनट मिनट पर कार्यक्रम निर्धारित होता था । हमें निर्धारित समय से दस मिनट का विलंब हो गया था और गाँधीजी ठीक नौ बजे अपना दूसरा कार्यक्रम करने लगे थे, अर्थात एक आदमी उनके शरीर पर तेल की मालिश करने लगा । फिर भी उन्होंने हमें सामने बैठाया और श्रीमन्नारायण ने मेरा परिचय दिया कि मैं इलाहाबाद विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हूँ और मैंने भी असहयोग आन्दोलन में सन 1921 में स्कूल छोड़ दिया था । आश्चर्य हुआ कि गाँधीजी को वह पुरानी स्मृति इस समय भी याद आ गई और मेरे प्रोफेसर होने पर बधाई दी ।

5. सर्वनाम शब्द चुनकर लिखिए । (1)
(मैं, फिर, एक)

6. जातिवाचक संज्ञा शब्द चुनकर लिखिए । (1)
(इलाहाबाद, स्कूल, गाँधीजी)

7. गाँधीजी को समय का सबसे बडा सर्वेक्षक क्यों कहा जाता है? (2)

8. खंड का संक्षेपण कीजिए और शीर्षक दीजिए । (6)

**सूचना : प्रश्न क्रमांक 9 से 11 तक में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए।** **(2 × 2 = 4)**

**9.** रामभक्तिकाव्य पर टिप्पणी लिखिए ।

- लोक धर्म और भक्ति भावना का मेल
- रामानन्द के सिद्धान्तों पर आधारित

**10.** निर्गुण काव्य की विशेषताओं पर टिप्पणी लिखिए ।

- बिना आकार या रुप के भगवान
- ईश्वर इन्द्रियों के अनुभव के बाहर

**11.** रीतिकाल के काव्यों की विशेषताएँ क्या-क्या है?

- श्रृंगार रस की प्रधानता
- मुक्तक शैली की प्रधानता

**सूचना : प्रश्न क्रमांक 12 से 15 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखिए ।** **(3 × 4 = 12)**

**12.** 'एकलव्य का सारा समर्पण बेकार था' इस कथन का समर्थन करते हुए टिप्पणी लिखिए ।

- दाहिने अंगूठे का समर्पण
- सारी क्षमताओं का गुरुचरणों पर अर्पण
- माटी की मूरत

**13.** दोहे का भावार्थ लिखिए ।

माली आवत देख करि, कलियाँ करैं पुकार ।

फूलि फूलि चुनि गई, कालि हमारी बार ।।

आवत देख–आते देख फूलि–फूल

कालि–कल बार–बारी

**14.** प्रेमाश्रयी काव्य अथवा सूफी–काव्यधारा पर टिप्पणी लिखिए ।

- विशुद्ध प्रेम की भावना
- हिन्दी में प्रेम आख्यानों का प्रादुर्भाव
- मलिक मुहम्मद जायसी

**15.** जीवनवृत्त पढ़िए और सुमित्रानंदन पंत के बारे में अनुच्छेद तैयार कीजिए ।

| | | |
|---|---|---|
| जन्म | : | 20 मई, 1900 |
| नाम | : | सुमित्रानन्दन पंत |
| जन्मस्थान | : | कौसानी, उत्तराखंड |
| प्रमुख रचनाएँ | : | वीणा, पल्लव, गुंजन, युगांत, युगवीणा, ग्राम्या, चिदंबरा |
| विशेषताएँ | : | हिन्दी के युग निर्माता कवि, भाषा कोमल, मधुर और सरस |
| मृत्यु | : | 28 दिसंबर, 1977, इलाहाबाद |

**सूचना : प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखिए ।(3 × 6 = 18)**

**16.** मान लें, कृष्ण की हर शिकायत पर माँ यशोदा अपना तर्क प्रस्तुत करती है । पठित पद के आधार पर माँ–बेटे के बीच का वार्तालाप तैयार कीजिए ।

- वेणी आज भी छोटी
- बलराम की वेणी लंबी और मोटी
- कच्चा दूध पिलाने से गुस्सा
- माखन और रोटी की माँग

**17.** भैंस के मर जाने से माँ को कई परेशानियाँ झेलनी पडी, उनका वर्णन माँ अपने डायरी में लिखती है । माँ की उस दिन की डायरी लिखिए ।

- भैंस की मृत्यु
- माँ का परसा के पास जाना
- गाँव का परिवर्तन
- कंप्युटर युग

**18.** नीचे दिये गये अंग्रेजी खण्ड का हिंदी में अनुवाद कीजिए ।

India is a country with rich tradition and culture staying together and helping each other is a part of our culture. Our joint family system is one of the biggest example of the importance. We give to staying united.

(tradition - परंपरा, together - साथ में, joint family - संयुक्त परिवार, importance - महत्व)

**19.** ईदगाह जाते समय हामिद ने खिलौनों की एक दुकान देखी । खिलौने की बिक्री के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

- आकर्षक एवं रंगीला
- कम दाम
- बच्चों के मनपसंद
- आधुनिकता एवं सांकेतिकता

**सूचना : प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखिए । (3 × 8 = 24)**

**20.** वीरगाथाकाल (आदिकाल) का परिचय देकर इस काल के मुख्य प्रवृत्तियों का वर्णन करते हुए एक निबन्ध तैयार कीजिए ।

- प्रारंभिक काल
- आश्रयदाताओं की प्रशंसा
- ऐतिहासिक प्रतीत होते हुए भी काल्पनिक
- प्रमुख कवि चंदबरदाई

**21.** 'यहाँ रोना मना है' नामक एकांकी के मुख्य पात्र कालिन्दी पारिवारिक सीमाओं में यातनामय जीवन बितानेवाली नारी है । समाज में ऐसी कई स्त्रियाँ है – इस कथन को ध्यान में रखते हुए 'नारी जीवन' पर एक लेख तैयार कीजिए ।

- परिवार में असुरक्षित
- शिक्षा का अभाव
- नारी ही नारी का शत्रु
- ससुरालवालों का निर्दय व्यवहार

**22.** 'बूढ़ों का संरक्षण हमारा कर्तव्य है' – इस विषय पर आपकी कक्षा में एक संगोष्ठी का आयोजन हो रहा है । उस संगोष्ठी में प्रस्तुत करने के लिए एक आलेख तैयार कीजिए ।

- पीढ़ियों का अन्तराल
- धन की लालसा
- समय का अभाव
- बूढ़ों के प्रति उपेक्षा एवं अनादर का भाव

**23.** शामनाथ के घर में चीफ की दावत हुई । इसके बाद माँ अपने घर में हुई घटनाओं का वर्णन करते हुए अपनी सहेली को पत्र लिखती है । कल्पना करके पत्र लिखिए ।

- बेटे का उपेक्षाभाव
- चीफ और मेहमानों का व्यवहार
- बेटे के प्रति वात्सल्य
- बेटे के उज्ज्वल भविष्य की भावना